वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 262 | शुक्रवार 19 जनवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### मुख्यमंत्री भजनलाल ने की घोषणा

# राजस्थान में 22 जनवरी को आधे दिन की छुट्टी

## विधायक दल की बैठक में पूर्व सीएम वसुंधरा नहीं पहुंचीं






**जयपुर. कासं**

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन राजस्थान में आधे दिन की छुट्टी रहेगी। सीएम भजनलाल शर्मा ने गुरुवार रात भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई बीजेपी विधायक दल की बैठक में इसकी घोषणा की। बैठक में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे नहीं पहुंचीं। वहीं राजे समर्थित विधायक प्रताप सिंह सिंघवी सीएम के पहुंचने से पहले ही कार्यालय से निकल गए। बैठक के बाद मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि सभी मंत्रियों को आने वाले समय में भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई के निर्देश दिए हैं। बैठक में सभी विधायकों ने सदन चलाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए।

### मंत्री चौधरी बोले- सीएम से पूरे दिन की छुट्टी की मांग की

कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा- 22 जनवरी को पूरे दिन की छुट्टी की मांग की। उन्होंने कहा कि हमने सीएम भजनलाल शर्मा से निवेदन किया है कि 22 जनवरी को पूरे दिन की छुट्टी की घोषणा करें। आधे दिन की छुट्टी की घोषणा तो हो गई है, लेकिन हमने पूरे दिन की छुट्टी की मांग की है। विधानसभा सत्र को लेकर कहा कि कांग्रेसियों के इतने कुकर्म है कि हम उन्हें छठी का दूध याद दिलाएंगे। उनके सारे कुकर्म उजागर करेंगे। बैठक में सदन में फ्लोर मैनेजमेंट को लेकर रणनीति बनाई गई। मंत्रियों को अध्ययन करके पूरी तैयारी के साथ सदन में जवाब देने के निर्देश दिए गए। वहीं सभी विधायकों को सदन में शत प्रतिशत उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। बैठक में लोकसभा चुनाव और राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भी चर्चा हुई। गौरतलब है कि शुक्रवार से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र से पहले भाजपा विधायकों की बैठक बुलाई गई थी। विधायक दल की बैठक में मंच पर सीएम भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग को जगह दी गई थी। इससे पहले मुख्यमंत्री के बीजेपी ऑफिस पहुंचने पर आरएएस परीक्षा के अभ्यर्थियों ने आभार जताया। सीएम गेट पर गाड़ी से उतरे और अभ्यर्थियों से मुलाकात की। इस मौके पर आरएएस अभ्यर्थियों ने नारेबाजी भी की।

## महीने में एक बार मिलेगा 450 रुपए में सिलेंडर

### भजनलाल सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग में निर्णय; गहलोत सरकार के कार्यों की होगी जांच

भजनलाल सरकार की गुरुवार को हुई पहली कैबिनेट मीटिंग में कई महत्वपूर्ण डिसीजन लिए गए। इसमें राजस्थान प्रशासनिक सेवा की मुख्य परीक्षा की डेट बढ़ाने का निर्णय शामिल है। वहीं, गहलोत सरकार के आखिरी 6 महीने में लिए गए निर्णयों का भी रिव्यू किया जाएगा। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है जो तीन महीने में रिपोर्ट सौंपेगी। मिनिस्टर डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने बैठक के बाद मीडिया को बताया था कि 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश नहीं होगा। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन छुट्टी को लेकर कैबिनेट में कोई चर्चा नहीं हुई। हालांकि देर रात सीएम भजनलाल शर्मा ने विधायक दल की बैठक में आधे दिन की छुट्टी की घोषणा कर दी।

इससे पहले चीफ मिनिस्टर ऑफिस में करीब एक घंटे चली मीटिंग से पहले पूजा-पाठ और स्वस्ति वाचन हुआ। इसके बाद मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और सभी मंत्रियों को तिलक लगाया गया। सचिवालय मंदिर के पुजारी ने कहा कि उन्होंने 33 साल में पहली बार देखा है कि किसी मीटिंग से पहले पूजा-पाठ कराया गया हो। सरकार गठन के 34 दिन बाद पहली बार कैबिनेट की मीटिंग बुलाई गई थी।

**कैबिनेट मीटिंग में क्या हुआ?**

गहलोत सरकार के अंतिम 6 महीनों में लिए गए नीतिगत फैसलों के रिव्यू के लिए भी कैबिनेट की बैठक में रिव्यू कमेटी गठन करने का फैसला। तीन महीने में जांच कर सौंपी जाएगी रिपोर्ट। कैबिनेट की बैठक में एक बार फिर से मीसा बंदियों की पेंशन शुरू करने को मंजूरी। भजनलाल कैबिनेट ने विभागों की 100 दिन की कार्ययोजना को भी मंजूरी दे दी है। कैबिनेट का मानना है कि इससे विभागीय कार्यों को समय पर पूरा किया जा सकता है।


# आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में बनेगा नया मान स्तंभ



राजेश जैन दद्दू, शाबाश इंडिया

इंदौर। एरोड्रम रोड स्थित छत्रपति नगर में पूर्व से स्थापित दो मंजिला श्री दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय का विस्तार कर बंसीपुर पहाड़ के गुलाबी एवं नक्काशीदार पत्थरों से सुसज्जित कर सुदर्शनीय स्वरूप देने का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इसी श्रृंखला में मंदिर परिसर में जिनालय के समक्ष देवरी वालों के परिवार द्वारा पूर्व निर्मित मान स्तंभ के स्थान पर श्वेत मार्बल से 42 फुट ऊंचे नए मान स्तंभ का निर्माण स्वर्गीय श्री कपूरचंद जी जैन देवरी वालों की स्मृति में उनके पुत्र वीरेंद्र, भूपेंद्र एवं जितेंद्र जैन देवरी वाला परिवार के द्वारा पुनः किया जा रहा है जिसका भूमि पूजन एवं शिलान्यास पुन्यार्जक देवरीवाला परिवार के द्वारा विधि विधान के साथ किया गया। जिनालय ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश जैन नेताजी ने मान स्तंभ पुन्यार्जक देवरीवाला परिवार द्वारा किए जा रहे इस पुण्य कार्य की अनुमोदना एवं सराहना करते हुए कहा कि यह मान स्तंभ तीन खंड का होगा एवं नगर के जैन मंदिरों में सबसे ऊंचा होगा एवं स्तंभ के प्रत्येक खंड में चारों दिशाओं में एक-एक तीर्थंकर प्रतिमा होगी इस प्रकार कुल 12 तीर्थंकर प्रतिमाएं विराजमान की जाएंगी। ट्रस्ट के कार्य अध्यक्ष डॉक्टर जैनेंद्र जैन ने बताया कि नव निर्मित जिनालय का पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आगामी अप्रैल -मई माह में किया जाना प्रस्तावित है।इस अवसर पर श्री प्रकाश दलाल,अतुल जैन ( चीकू भैया, ) दिलीप जैन, डॉक्टर वी सी जैन, नीलेश जैन, श्रीमती मुक्ता जैन, साधना जैन, सुनीता देवरी आदि समाजजन उपस्थित थे।

# क्या चाय पीना फायदेमंद है?



1. *एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर (Rich in Antioxidants):* चाय में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आपके शरीर को मुक्त करते हैं और सेल्स को हानिकारक रेडिकल्स से बचाते हैं। 2. *मेंटल अलर्टनेस और कोजनिटिव फ़ंक्शन को बढ़ावा (Enhances Mental Alertness and Cognitive Function):* चाय में मौजूद कैफीन और एमिनो एसिड्स आपके दिमाग को सकारात्मक तरीके से प्रभावित करते हैं, जिससे मेंटल अलर्टनेस बढ़ती है और कोजनिटिव फ़ंक्शन में सुधार होती है। 3. *हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद (Heart Health Benefits):* चाय के सेबुलोस गुण आपके हृदय के लिए फायदेमंद हो सकते हैं, जैसे कि रक्तचाप को नियंत्रित करना और कोलेस्ट्रॉल को कम करना। 4. *शरीर की रक्षा में सहारा (Boosts Immune System):* चाय में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और पॉलीफेनोल्स आपके शरीर की रक्षा को बढ़ावा देते हैं और संक्रमणों से लड़ने में मदद कर सकते हैं। 5. *स्थिति को बनाए रखने में मदद (Aids in Weight Management):* ग्रीन टी में मौजूद केटेकिन्स और कैफीन वजन को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं और मेटाबोलिज्म को बढ़ावा देने में सहायक हो सकते हैं।

# पांडुक शिला पर बाल तीर्थंकर आदिकुमार का सौधर्म इंद्र ने किया जलाभिषेक





रत्नेश जैन/राजेश रागी बकस्वाहा. शाबाश इंडिया

द्रोणगिरि (सेंधपा) ।बुन्देलखण्ड के जैनियों के पवित्र सिद्धक्षेत्र द्रोणगिरि में भारतगौरव गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज एवं उच्चारणाचार्य श्री विनम्र सागर जी महाराज ससंघ (पचास पिच्छिका से अधिक) श्री मानस्तंभ जिनबिंब प्रतिष्ठा महोत्सव में गुरुवार को जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया।रात में गर्भ कल्याणक की क्रियायें संपन्न हुई जहां छप्पन कुमारियों ने माता की सेवा की और भेट अर्पित की ।वही सोलह सपने दिखाएं गए और महाराजा नाभिराय के दरबार में तत्वचर्चा स्वप्न फल जिज्ञासा महाराज द्वारा सपनों का फलादेश बताया गया। पंचकल्याणक महोत्सव की सभी क्रियाएं प्रतिष्ठाचार्य बा. ब्र. जयकुमार जी निशांत टीकमगढ़, पं. सनत कुमार पं. विनोद कुमार रजवांस के निर्देशन में विधि विधान से संपन्न कराई जा रही है ।

**पांडुक शिला पर हुआ अभिषेक:** जन्मकल्याणक के दिन विशाल भव्य जुलूस निकाला गया। जहां हाथियों पर बैठकर भगवान तीर्थंकर का भ्रमण हुआ। सौधर्म इंद्र ने तीर्थंकर कर को पांडुक शिला पर ले जाकर सहस्त्र कलशों से जलाभिषेक किया ।वही पालना का कार्यक्रम भी हुआ जहां इंद्र और भारी जनसमुदाय ने पालना झुलाया ।

**कुबेर और सौधर्म इंद्र ने की भक्ति:** जन्म कल्याणक के दिन सौधर्म इंद्र कमल कुमार जैन , कुबेर प्रमोद बड़े पाटन, यज्ञनायक हेमचंद करीं वाले, ईशान इंद्र बाबूलाल समर्रा वाले, सानतकुमार इंद्र संदीप फौजदार बड़ामलहरा, माहेंद्र इंद्र शोभालाल पनवारी वाले परिवार ने भक्ति की।वहीं सायं कालीन महाआरती शील देवडिया परिवार बड़ामलहरा ने भक्ति की।

**86 जिनबिम्बों की होगी प्रतिष्ठा:** जैन तीर्थ द्रोणगिरि के उपाध्यक्ष राजेश रागी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस पंचकल्याणक महोत्सव में मानस्तंभ तथा जिनालयों में विराजमान होने वाले 86 जिनबिम्बों की प्रतिष्ठा की क्रियाएं सम्पन्न कराई जा रही है ।इस अवसर पर विरागोदय तीर्थ पथरिया में आगामी 10 से 15 फरवरी 2024, तक आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव हेतु महोत्सव समिति एवं क्षेत्रीय सामाज ने पूज्य गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज को श्रीफल अर्पित करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया और महोत्सव पंचकल्याणक की पत्रिका का विमोचन कराया गया ।




# आर्यिका भरतेश्वरमति माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में हुआ संत भवन का शिलान्यास

**राजा बाबू गोधा. शाबाश इंडिया**

**जयपुर।** श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर चित्रकूंट कालोनी सांगानेर थाना जयपुर में आर्यिका 105 श्री भरतेश्वरमति माताजी ससंघ तथा बालब्रह्मचारिणी अनुकमा दीदी के पावन सानिध्य में प्रतिष्ठाचार्य पंडित विमल कुमार जैन बनेठा वालों के दिशा निर्देश में विभिन्न मंत्रोचारणों के द्वारा अनेक धार्मिक आयोजन आयोजित किए गए । जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने कार्यक्रम में शिरकत करते हुए बताया कि प्रातः अभिषेक, महाशांतिधारा बाद भू जाप्य ,खनन विधि ,बाद भूमि पूजन एवं विनायक यंत्र पूजन गुरु मां का पादप्रक्षालन बाद श्रीमती शकुंतला धर्मपत्नी स्वर्गीय अमोलक जी पाटनी, राजेश - रानी, शैलेश- रूपा, मनीष- सोनाली, एवं समस्त पाटनी परिवार मारोठ निवासी फूल कालोनी सांगानेर, जयपुर के परिवार जनों ने वास्तु विधि पूर्वक श्री भरत -भरतेश्वरमति त्यागी वृत्ति संत भवन का शिलान्यास कर अक्षय पुण्यार्जन प्राप्त किया। इसी कड़ी में श्रीमती कमला देवी- रतनलाल सोगानी, कैलाश चंद्र -राजेश देवी, राजेंद्र- सुनीता, सुनील- रितु, सोगानी परिवार चनानी वाले दिनेश कॉलोनी सांगानेर वालों के द्वारा आयुर्वेद धर्मार्थ औषधालय का उद्घाटन किया गया तथा ज्ञानचंद , कैलाशचंद -स्नेहलता , सुनील-अनिला बैनाडा परिवार ने चित्रकूट कॉलोनी सांगानेर के द्वारा संत भवन प्रथम तल अग्रभाग का निर्माण शुभारंभ करने का पुण्यार्जन प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष केवल चंद गंगवाल, उपाध्यक्ष बाबूलाल बिलाला, संयुक्त मंत्री महावीर कुमार वेद, कोषाध्यक्ष सत्य प्रकाश कासलीवाल, मंत्री अनिल कुमार बोहरा, सहित पूरी कार्यकारिणी उपस्थित थी। कार्यक्रम में समाजसेवी ओमप्रकाश कटारिया, प्रकाश सोगानी, प्रवेश जैन, प्रकाश चंद सिंघल, विनोद कुमार जैन तिजारिया,पारस कुमार सिंगल फागी वाले, पदमचंद सेठी सुल्तानिया वाले, पारस कुमार बाकलीवाल निमोडिया, प्रकाश






बाकलीवाल, प्रकाश लुहाड़िया, विनोद गंगवाल,योगेश पाटनी, बाल मुकन्द जी, बाबूलाल वैद,निर्मल गंगवाल, पदम चंद अजमेरा, सत्यनारायण सिंघल, दीपक पहाड़िया, शाबाश इंडिया के प्रबंधक राकेश गोदिका तथा जैन महासभा के प्रतिनिधि राजा बाबू गोधा सहित सकल दिगंबर जैन समाज के सभी श्रावक श्राविकाएं एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## वेद ज्ञान

### लगन से जीवन बदल जाता है

इंग्लैंड के महान चिंतक जेम्स मूर ने इंग्लिश चैनल पार करने वाली पहली महिला तैराक के लिए बस इतना ही कहा था कि यह उनकी लगन का प्रतिफल है, अन्यथा संकल्प लेने वालों की कमी नहीं है। छोटा सा शब्द है लगन, पर जिसमें लग जाए, उसका जीवन बदल जाए। इतनी शक्ति है इसमें कि बड़े से बड़ा काम पूर्ण होने में कोई संदेह नहीं और छोटे से छोटा काम भी अपूर्ण रह जाए अगर लगन की अगन नहीं चढ़े। विद्यार्थियों को पढ़ाई की लगन लग जाए तो कभी असफलता उनकी राह में नहीं आएगी। संत पुरुषों में सच्चाई की खोज की लगन रहती है तो वैज्ञानिकों में नई-नई खोजों को पूरा करने का जुझारूपन। ईश्वर से लगन लगाने वाले लोग इतने रम जाते हैं कि कभी वे बहुत भावुक होकर रोने लगते हैं तो कभी नृत्य करने लगते हैं। मीरा को भगवान कृष्ण की भक्ति की जब लगन लग गई तो वह दीवानी बन गई। यह लगन की चरम पराकाष्ठा होती है, जिसके बाद शून्य का वृत आ जाता है। अपने परिप्रेक्ष्य में यह आत्मशक्ति और संकल्पशक्ति से जुड़ा हुआ है। इसलिए पहले छोटे और आसान संकल्पों को पूरा करने का जहमत उठाएं, उसके बाद बड़े अभियान की ओर। लक्ष्य प्राप्ति के बाद खुद की शक्ति का भी मूल्यांकन करें और खुद को शाबाशी दें। होना तो यह चाहिए कि संपूर्ण परिवार का इसमें सहयोग हो जिससे कि राह और आसान हो जाए। सामाजिक रिश्तों का ताना-बाना बुनने वाले तत्वों में आत्मशक्ति का बहुत प्रभाव पड़ता है, क्योंकि यह आत्म शांति से जुड़ा होता है। कामनाओं की मृगतृष्णा में दौड़ता-हांफता मनुष्य एक उम्र के बाद जान जाता है कि उसकी शक्ति और हुनर किस क्षेत्र में सिद्ध हो सकती है। उस ओर ही लगन लगानी चाहिए। लगन को शौक से अलग परिभाषित किया गया है। शौक कई हो सकते हैं, पर लगन से हर शौक पूरा हो जाए, यह जरूरी नहीं। देश और समाज को क्षति पहुंचाने वाले शौक के लिए लगन लगाना देशद्रोह का सूचक है। ऐसे शौक वर्जित होते हैं। इन्हें कोई कितना भी लगन से पूरा कर ले, वह प्रशंसा का पात्र नहीं हो सकता। अच्छे लक्ष्यों और उद्देश्यों के कारण जो शौक पाले जाते हैं, वे समाज के लिए अनुकरणीय होते हैं।

## संपादकीय

# गरीबी रेखा से बाहर आने की खबर सुखद...

इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले कुछ सालों में देश में विकासात्मक गतिविधियों को लेकर सक्रियता दिखती है और उसी मुताबिक जमीनी स्तर पर बदलाव भी आ रहे होंगे। इस लिहाज से देखें तो नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट को एक उम्मीद की तरह देखा जा सकता है, जिसमें देश में बीते नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर आने का दावा किया गया है। जिस दौर में दुनिया भर में तमाम विकासशील देशों से लेकर विकसित देश भी कई मोर्चों पर व्यापक आर्थिक उथल-पुथल और मंदी से दो-चार हैं, उसमें भारत में करीब पच्चीस करोड़ लोगों के गरीबी रेखा से बाहर आने की खबर आती है तो यह अच्छी बात है। सवाल है कि अगर इतने लोगों की जिंदगी में उल्लेखनीय बदलाव आए हैं और अलग-अलग पैमानों पर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है तो सार्वजनिक स्तर पर यह दिखता क्यों नहीं है। गौरतलब है कि बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन-स्तर में सुधार की कसौटी पर मापा जाता है और ये बारह सतत विकास लक्ष्यों से संबंधित संकेतकों के जरिए दर्शाए जाते हैं। नीति आयोग के परिचर्चा पत्र में एक आकलन के मुताबिक, देश में बहुआयामी गरीबी 2013-14 में 29.17 फीसद थी, वह 2022-23 में 11.28 फीसद रह गई। इस रपट में एक खास पहलू यह है कि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेश ऐसे राज्य रहे, जिनमें गरीबी में सबसे ज्यादा कमी दर्ज की गई। इसे एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है। देश की आजादी के बाद घोषित तौर पर सभी सरकारों का मुख्य जोर गरीबी दूर करने पर ही रहा और इस समस्या को दूर करने के अनेक दावे किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और रही। जाहिर है, इस मसले पर उठाए गए कदम अपर्याप्त थे। अब अगर बहुआयामी गरीबी के दायरे से भारी तादाद में लोगों के बाहर आने के आंकड़े सामने आए हैं तो स्वाभाविक ही नीति आयोग ने इसका श्रेय भी सरकार की ओर से उठाए गए कदमों को दिया है। देश में विकास के लिए जो आर्थिक पैमाने माने जाते हैं, उसमें खासी संख्या में लोगों के बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर आना एक सकारात्मक बदलाव है। सवाल है कि अगर इतनी बड़ी तादाद में लोग अभाव और गरीबी की दलदल से निकल कर बेहतर जीवन-स्तर जीने लगे हैं, तो जमीन पर यह क्यों नहीं दिखता है। कोरोना महामारी के बाद, पिछले दो-तीन वर्षों से खुद सरकार की ओर से अक्सर यह दावा किया जाता है कि करीब अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराया जा रहा है। किसी भी सामाजिक तबके को अगर पेट भरने के लिए मुफ्त भोजन की व्यवस्था की जा रही है, तो इसकी कसौटी गरीबी ही होगी। अगर इतनी बड़ी आबादी गरीब होने के नाते मुफ्त राशन की हकदार मानी जा रही है तो वे कौन लोग हैं, जो गरीबी रेखा के दायरे से बाहर आ रहे हैं?



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# शीतलहर की परेशानियां

इन दिनों पूरा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है। दिल्ली में औसत से नीचे तापमान रहा, तो पंजाब और राजस्थान में कई जगहों पर पारा शून्य से नीचे पहुंच गया। घने कोहरे की वजह से रेल और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग का आकलन है कि अभी कुछ दिन और शीतलहर का प्रकोप बना रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से लोगों की परेशानियां अभी और बढ़ने की संभावना है। हालांकि ऋतुचक्र के हिसाब से सर्दी का मौसम हर वर्ष आता है, मगर इसके मिजाज में आए बदलाव की वजह से परेशानियां अधिक बढ़ रही हैं। सर्दी के मौसम की अवधि औसत से कम दिन की हो रही है, मगर थोड़ी अवधि में तापमान अचानक नीचे गिरने से मानव शरीर के लिए सहन कर पाना मुश्किल हो रहा है। इस बार अलनीनो प्रभाव के कारण बहुत सारी जगहों पर सूखी ठंड पड़ रही है। यानी हवा में अपेक्षित नमी नहीं है। इसका फसलों और बागवानी पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है। सूखी और तेज सर्दी मानव स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। दिल्ली समेत सभी महानगरों में इन दिनों वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ दर्ज हो रहा है, जिसके चलते सर्दी, खांसी, जुकाम जैसी परेशानियां बढ़ रही हैं। सम के मिजाज में बदलाव की बड़ी वजह जलवायु परिवर्तन है। अभी सर्दी का प्रकोप लोगों के लिए मुश्किलें पैदा कर रहा है और फिर थोड़े दिन बाद ही गर्मी बढ़नी शुरू होगी, तो उसे झेलना मुश्किल हो जाएगा। पिछले कुछ वर्षों से न केवल गर्मी की अवधि बढ़ी है, बल्कि इसकी तीव्रता भी सहनशक्ति के पार जा रही है। यही वजह है कि हर वर्ष गर्मी में तेज लू चलने के कारण लोगों की मौत के आंकड़े बढ़ रहे हैं। पिछली गर्मी में उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में लू की चपेट में आकर सौ से अधिक लोगों के मरने के आंकड़े दर्ज हुए। यही हाल बरसात का भी है। बरसात की अवधि घट गई है और बरसने वाली बूंदों का आकार बढ़ गया है। इससे कम समय में हुई बारिश में भी जगह-जगह बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। मगर कई इलाके बरसात का इंतजार करते रह जाते हैं। उन्हें सूखे की मार झेलनी पड़ती है। इस वजह से अन्न और फल-सब्जियों के उत्पादन पर बुरा असर पड़ने लगा है, जो खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक स्थिति माना जा रहा है। इस वर्ष सर्दी का बदला मिजाज इसलिए भी चिंता का विषय है कि एक तरफ तो उन इलाकों में भी पारा शून्य से नीचे उतर जाने से परेशानी बढ़ गई है, जहां पहले इतनी ठंड नहीं पड़ा करती थी, वहीं पहाड़ों पर औसत से कम बर्फबारी दर्ज हो रही है। इसके पीछे बारिश कम होना बड़ा कारण बताया जा रहा है। पहाड़ों पर कम बर्फ गिरने से पारंपरिक जल स्रोतों, झीलों, तालाबों आदि में कम जल संचय हो पाएगा। इससे पेयजल का संकट गहरा सकता है। दूसरी तरफ, मैदानी भागों में तेज सूखी सर्दी फसलों को नुकसान पहुंचाएगी। खाद्यान्न उत्पादन घट सकता है। यह एक और चेतावनी है कि जलवायु संकट से उबरने के लिए आजमाए जा रहे उपायों पर तेजी और संजीदगी से काम करने की जरूरत है। इसमें केवल व्यवस्था के स्तर पर नहीं, नागरिकों के स्तर पर भी सहयोग की अपेक्षा की जाती है। मगर अफसोस कि इस दिशा में अभी तक उत्साहजनक संकेत नजर नहीं आ रहे।

# प्रभु श्रीराम लला दीपोत्सव पर्व 22 को, अलबर्ट हॉल पर शाम 5 बजे होगा आयोजन

**कार्यक्रम के लिए बनाई जा रही राम मंदिर की 35 फीट ऊँची प्रतिकृति। ड्रोन शो होगा मुख्य आकर्षण। कार्यक्रम से पहले निकलेगी भव्य शोभायात्रा**



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट (रजि.), नगर निगम ग्रेटर जयपुर एवं जयपुर व्यापार महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में 22 जनवरी 2024 सोमवार को रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल पर प्रभु श्रीराम लला दीपोत्सव पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा ने बताया कि कार्यक्रम के लिए अल्बर्ट हाल परिसर में बंगाल से आए 150 कारीगरों द्वारा 35 फीट ऊंचे राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है।

## ड्रोन शो होगा विशेष आकर्षण

गोधा ने बताया कि इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ड्रोन शो होगा। जिसके तहत 3 सौ ड्रोन आकाश में एकसाथ उड़ेंगे और हवा में भगवान श्रीराम की प्रतिकृति बनाएंगे। सार्वजनिक स्थान पर इस प्रकार का आयोजन पहली बार हो रहा है जिसे 3 से 4 किमी तक की दूरी से लोग देख सकेंगे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम से बंधेगा समां

श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट के महासचिव गब्बर कटारा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान गौरव जैन, शिखा जैन, सीमा मिश्रा और रविन्द्र उपाध्याय द्वारा सुमधुर राजस्थानी गीतों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। कटारा ने बताया कि इस अवसर पर पूरे रामनिवास बाग में कन्नौज के विशेष इत्र का छिड़काव किया जाएगा।

## लवाजमे के साथ निकलेगी शोभायात्रा

कार्यक्रम समन्वयक राजेन्द्र खंडेलवाल और जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने बताया कि कार्यक्रम से पहले दोपहर 12 बजे गलता गेट से गाजे-बाजे और लवाजमे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में राम, लक्ष्मण और सीता की सजीव झांकी सजाई जाएगी। शोभायात्रा का मार्ग में अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए शाम 5 बजे अल्बर्ट हॉल पहुंचेगी।

## वैदिक मंत्रोच्चार से महाआरती

मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम.एल. सोनी ने बताया कि अल्बर्ट हॉल पर भगवान श्री राम सीता और लक्ष्मण की तीर्थराज पुष्कर से आए 51 पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 11 हजार दीपों से महाआरती की जाएगी। महाआरती में मंत्रोच्चार के साथ पौराणिक वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि रोमांचित करने वाली होगी।

## अतिविशिष्ट व्यक्तियों को किया आमंत्रित

नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दोनों उपमुख्यमंत्रियों दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को निमंत्रण पत्र दिया गया है। इसके अलावा सभी विधायकों को भी कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया गया है। कार्यक्रम में आनेवाले सभी आगंतुकों को एस.के. फाइनेंस कंपनी की ओर से द्वार पर ही राम मंदिर की फोटो वाले की-चेन वितरित किए जाएंगे।

## कार्यक्रम से पूर्व हुआ भूमि पूजन

ट्रस्टी मुकेश गुप्ता, नरेंद्र मित्तल और दिनेश बरडिया ने बताया कि 18 जनवरी बुधवार को दोपहर 1:15 बजे अल्बर्ट हॉल परिसर पर बन रहे राम मंदिर का भूमि पूजन भारतीय संस्कृति के अनुसार विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस अवसर पर श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट (रजि.) के अध्यक्ष सुधीर जैन, महासचिव गब्बर कटारा, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, ट्रस्ट के सी.ई.ओ एम.एल.सोनी, सचिन गुप्ता उपाध्यक्ष व्यापार महासंघ, ट्रस्ट सचिव जे.के. जैन, उपाध्यक्ष प्रसन्जीत मालू, राम निवास मथुरिया, राजेंद्र खण्डेलवाल, अनिश चौधरी, ए.ई.ई से राजेश जैन, विनीत जैन, अर्पित खण्डेलवाल एवं अन्य सनातनी उपस्थित रहें। सभी उपस्थितजनों ने पर्व की सकुशल सम्पनता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।





# थर्मल स्टाफ वालीबॉल प्रतियोगिता

## टीम डी ने फाइनल मैच जीता

**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

कोटा। 18 जनवरी 2024, कोटा थर्मल की सालाना खेलकूद प्रतियोगिता में वालीबाल का फाइनल मेच टीम ए और टीम डी के बीच खेला गया। इस मेच को टीम डी ने टीम ए से 3 - 1 के स्कोर से जीता मेच के अतिथि थर्मल के कार्मिक एवं प्रशासनिक आधिकारी हेमन्त दास मदान रहे। टीम डी में कप्तान लोकेश चौधरी, ललित कुमावत, नरेश नागर, पूरणमल, लोकेश मीणा, दिनेश मीणा, दीपक धाकड़, राजेश हांडा, जितेन्द्र मीणा और रवि तथा टीम ए के कप्तान रजनीश कुर्मी, मुकेश जाट, सन्नत, नरेन्द्र कुमार, बाबू लाल मीणा, अनिल चौधरी, देवेन्द्र विजय, मुकेश मीणा, उत्तम खटीक एवं गौरव मीणा के द्वारा मेच खेला गया।

# भीलवाड़ा में पंचमुखी बालाजी मंदिर में बनेगा भव्य राम मंदिर

## मंदिर निर्माण के लिए शिलान्यास 22 जनवरी को होगा

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**



भीलवाड़ा। शहर में पुर रोड पर जिला परिवहन कार्यालय के पास स्थित श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण होगा। इसका शिलान्यास 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दिन ही शुभ मुहूर्त में होगा। मंदिर के शिलान्यास को लेकर मंदिर कमेटी तैयारियों में लग गई है। मंदिर के पुजारी मुरारी पांडे ने बताया कि महंत जामनादासजी के सानिध्य में सारे कार्यक्रम संपन्न होंगे। मंदिर परिसर को विद्युत रोशनी से सजाया जाएगा। सुबह सवा दस बजे से सवा बारह बजे के बीच में शिला पूजन होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे मंदिर कमेटी संरक्षक अशोक बाहेती व अध्यक्ष सुनील बंसल ने बताया कि मंदिर निर्माण को लेकर लोगों में बहुत उत्साह है व 22 जनवरी की संध्या के समय मंदिर में 2100 दीपक जलाए जाएंगे। पुजारी मुरारी पांडे ने बताया कि पंडित अशोक व्यास और पंडित कल्याण शास्त्री से पूरे मंत्रोंचार द्वारा पूजन का कार्य किया जायेगा। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार राय और पंचानंद के साथ आशीष बंसल, प्रभुनाथ रघुनाथपुरा, मनोज मंडिया, सुरेंद्र भट्ट, राजेंद्र सुवालका, दीपक साहू, भंवरलाल धाकड़, शंकर अहीर, अभय सिंह चुंडावत, प्रकाश सोनी, सुनील नुवाल, डॉ. बाहुबली जैन, डॉ. बद्रीविशाल काबरा, गणेश जाट, अमित शर्मा, कालू जाट, शंकर जाट, प्रेमशंकर आचार्य, निर्मल जोशी, चांदमल बिश्नोई आदि अन्य भक्तगण भव्य मंदिर के निर्माण की तैयारियों में लगे हुए हैं।

# कालवाड़ रोड बजरंग द्वार स्थित देवी नगर विस्तार विकास समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** कालवाड़ रोड बजरंग द्वार जयपुर स्थित देवी नगर विस्तार कॉलोनी वासियों की तरफ से मिटिंग का आयोजन किया गया जिसमें कॉलोनी में होने वाले सार्वजनिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमे पदाधिकारियो की नियुक्ति का निर्णय लिया गया। पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई जो इस प्रकार से है- सुरेन्द्र सिंह मामडोदा व जसवंत यादव को संरक्षक, आनंद सिंह खेड़ी को अध्यक्ष, विजेंद्र सिंह व जीवण सिंह को उपाध्यक्ष, दौलत सिंह पलाड़ा व शिव सिंह भुरटिया को महामंत्री, रणजीत सिंह राठौड़ को कोषाध्यक्ष, रघुवीर सिंह शेखावत व रंजीत सिंह हाड़ा को संगठन मंत्री, भोलू राम चौधरी व राजेन्द्र चौधरी को सहमंत्री, मनोहर सिंह शेखावत, नरपत सिंह, रामअवतार सिंह शेखावत, अचल सिंह, रणजीत सिंह शेखावत, सवाई सिंह, मदन सिंह तूंगा, पप्पू सिंह शेखावत, भवानी सिंह राठौड़, अमरीश शर्मा, भूपेन्द्र सिंह चौहान, अशोक सिंह चौहान, भँवर सिंह शेखावत, जगदीश कुमावत, सुरेन्द्र सिंह, जतन सिंह को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। कॉलोनी में होने वकले सार्वजनिक कार्यों की देखरेख व होने वाले कार्यक्रम की व्यवस्था की देखभाल करेंगे।









# जोधपुर स्थाई लोक अदालत में नव नियुक्त अध्यक्ष का सम्मान किया



जयपुर. शाबाश इंडिया। एसोसिएशन ऑफ टैक्स पेयर्स एंड प्रोफेशनल्स, राजस्थान ने राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर स्थाई लोक अदालत में नव नियुक्त अध्यक्ष का सम्मान किया। एसोसिएशन ऑफ टैक्स पेयर्स एंड प्रोफेशनल्स की राजस्थान इकाई ने राजस्थान टैक्स बोर्ड के न्यायिक सदस्य सुकेश कुमार जैन को राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर की स्थाई लोक अदालत में अध्यक्ष नियुक्त होने पर उनको बधाई एवम शुभ कामनाएं दी। एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट विनोद पाटनी तथा प्रांतीय महासचिव एडवोकेट उमराव सिंह यादव ने जैन को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडवोकेट पाटनी व एडवोकेट यादव के अतिरिक्त एडवोकेट एन. के. बैद, एडवोकेट दिनेश कुमार,यशस्वी शर्मा तथा राजस्थान टैक्स बोर्ड के प्रशासनिक अधिकारी प्रमोद जैन तथा अन्य स्टाफ व अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# उत्तम स्वास्थ्य और कुशाग्र बुद्धि हेतु योग व ध्यान सत्र आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिनांक 18 जनवरी को महावीर पब्लिक स्कूल के सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस की गतिविधियों के अंतर्गत कक्षा 6 व 7 के विद्यार्थियों के लिए योग और ध्यान सत्र आयोजित किया गया। सत्र का आरंभ ओम के उच्चारण से हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 400 छात्रों ने अपने मन को एकाग्रचित करने,तनाव को दूर करने,बुद्धि को कुशाग्र करने और मन में शांति हेतु योग व ध्यान की विभिन्न मुद्राओं को सीखा और विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। सत्र के अंत में छात्रों ने सूर्य नमस्कार किया। प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन ने छात्रों के इन अद्भुत प्रयासों की सराहना की और उनके स्वस्थ व सुखी जीवन की कामना की।










# अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का स्थापना दिवस मनाया गया

**इंदौर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का इंदौर शाखा द्वारा 55 वां अमृत महोत्सव स्थापना दिवस एवं इन्दौर शाखा की कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह अभय प्रशाल के जे. एम. बी. रेस्टोरेंट में बरकतुल्लाह विश्व विद्यालय के कुलपती डॉ. एस. के. जैन के मुख्य अतिथि के सानिध्य में मनया गया। इसके साथ ही इन्दौर शाखा के संस्थापक सदस्य पं जयसेन जैन, श्रीमती कमलेश जैन, श्रीमती सुधा जैन, डॉ. अनुपम जैन इन सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यकारणी सदस्यों को मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. एस. के. जैन ने शपथ दिलायी, कार्यक्रम में महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमत प्रकाश जैन, राष्ट्रीय पूर्व महामंत्री राजीव रतन जैन, वर्तमान उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा जैन, कार्यकारणी सदस्य रत्नेश जैन ने सभा को सम्बोधित किया, मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. एस. के. जैन ने अपने सम्बोधन में लिव इन एक कु-संस्कार है,हमने तो संस्कार विहीन पीढी समाज में छोड़ दिया है इसके परिणाम के बारे में सोचिए कितने भयानक परिणाम होने वाले हैं, इससे बचने के लिए हमने अपने बच्चों को संस्कारित करना होगा। ऐसा भी दिन आएगा जब हमारे अपने सामने होंगे और एक गिलास पानी को तरसेंगे, सब शिकायत करते हैं समाज का पतन हो रहा है हमें स्वयं से ही शुरूआत करनी होगी, होटल हो या घर थाली में जूठन कभी नहीं छोड़ना चाहिए। समाज का पतन, हो रहा है परिवार खान पान वेशभूषा का पतन हुआ है। कपड़े फटे हुए पहने जा रहे हैं इसे रोकना होगा, भारतीय संस्कृति में ही अनेक रिश्ते हुआ करते हैं। परदेश में तो मात्र आंटी से ही काम चल जाता है, घर के बने हुए भोजन में अमृत होता है माँ - नानी -दादी का प्यार होता है, एक दिन ऐसा आने वाला है हमें रिश्ते देखने को नहीं मिलेंगे अब "हम एक हमारा एक" संस्कृति पर विचार करना होगा हम इतने स्वाथी हो गए हैं कि हम सिर्फ "मैं" के बारे में ही सोचते हैं ज़िंदगी पैसे पर आधारित हो गई है जो बच्चे महानगरों में काम कर रहे हैं वह ढंग से भोजन भी नहीं कर पाते, सो नहीं सकते उनके पास परिवार के लिए समय नहीं है सुधार के लिए वरिष्ठों को आगे आना होगा। प्रारंभ में चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन अतिथियों द्वारा किया गया तथा मंगलाचरण अरिहा द्वारा किया गया। ऋषभ कुमार जैन प्रचार मंत्री अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा शाखा इन्दौर ने बताया कि मंगल नृत्य तनीषा एवं दर्शिता द्वारा किया गया, अतिथियों का सम्मान डॉ. रवीन्द जैन,राकेश जैन, दीपक जैन, सिद्धांत जैन, ऋषभ जैन, श्रीमती मधु जैन, श्रीमती चन्दनबाला जैन, श्रीमती ममता जैन एवं कार्यक्रम इंद्र कुमार जैन तथा आभार रत्नेश जैन द्वारा किया गया।



### गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने कहा...

# सफलता प्राप्ति के लिए आत्मविश्वास जरूरी

**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**



गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने प्रवचन देते हुए कहां कि ब्लेड की धार तेज होती है लेकिन पेड़ को नहीं काँट सकती। कुल्हाड़ी मजबूत होती है लेकिन बाल नहीं काँट सकती वैसे ही हर इंसान अपनी-अपनी काबलियत के अनुसार ही श्रेष्ठ होता है। इसलिये अपने आप की ही तुलना किसी और से कभी भी नहीं करें। तुलनात्मक सोच से जीवन में दुःख ही दुःख मिलेगा। अपने आत्मविश्वास के बल पर पुरुषार्थ करने से सफलता मिलेगी। श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ, गुन्सी (राज) की पावन धरा पर नवनिर्मित श्री 1008 शांतिनाथ चैत्यालय में अखण्ड दीप प्रज्वलित करने का सौभाग्य हरकचन्द जी महावीर प्रसाद काला लालास वाले सीकर ने प्राप्त किया। अभिषेक शांतिधारा के तदुपरांत माताजी ससंघ की आहारचर्या कराने का सौभाग्य संजू ललवाडी एवं पारस चैनपुरा वाले निवाई वालों ने प्राप्त कर अक्षय पुण्य का संचय किया। इतनी शीत के मौसम में भी उपवास कर पूज्य गुरु माँ स्वयं अपनी उत्कृष्ट चर्या पालन कर रही है साथ ही ससंघ की चर्या को स्वाध्याय, भक्ति आदि के माध्यम से प्रखर बना रही है।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com